### एक नजर में

**शासकीय भूमि पर अतिक्रमण से विकास कार्य रूके**

**पिपरिया** ग्राम पंचायत खिड़िया के अंतर्गत शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के कारण विकास कार्य नही हो पा रहे है। इस संबंध में पंचायत सचिव ने भी शिकायते की परंतु एसडीएम द्वारा गंभीरता से ध्यान न देने के कारण अतिक्रमण होने से निर्माण कार्य नही हो पा रहे है। ग्राम खिड़िया में शासकीय खेल मैदान पर ग्राम के दबंगो द्वारा कब्जा कर ट्रेक्टरो से बखर खेल मैदानो को खत्म कर दिया गया है जिससे बच्चो को खेलने में असुविधा हो रही है। इसी प्रकार तालाब की भूमि पर भी कुछ लोगो ने अतिक्रमण कर लिया है। वही ग्राम पंचायत खिड़िया के कुड़ारी ग्राम में शांतिधाम पूर्व से बना हुआ है।

बाउंड्रीवाल एवं परिक्रमा पथ बनाया जाना शेष है दोनो कार्य ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत करा लिये है परंतु शांतिधाम के आसपास शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ है जिस कारण से बाउंड्रीवाल एवं परिक्रमा पथ निर्माण कार्य प्रारंभ नही हो पा रहा है इसके साथ ही इसी पंचायत के ग्राम सेमरी रंधीर में माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला की बाउंड्रीवाल बनाया जाना स्वीकृत है परंतु शाला भवन की भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ है जिससे बाउंड्रीवाल का निर्माण चालू नही हो पा रहा है।

# सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार सेंधमारी



**प्रबंधन द्वारा अपनी कमियों को छुपाने के चक्कर में बढ़ रही हैं घटनाएं**

**शिकार के इरादे से घुसा था जंगल में**

एसटीआर के सहायक संचालक आशीष खोपरागढ़े और देलाखारी देनवा बफ़र रेंज के स्टाफकी मदद से टीम ने आरोपी को पकड़कर तवा बफ़र टीम को सौंपा। पूछताछ में युवक जंगल में बंदूक लेकर घूमने का कोई ठोस कारण नहीं बता पाया। जांच में पता चला कि उसके पास मौजूद बंदूक का लाइसेंस भी नहीं था। उसके खिलाफटाइगर रिजर्व क्षेत्र में अवैध रूप से हथियार लेकर प्रवेश करने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

**इसी क्षेत्र से चोरी हुए हैं 4 कैमरे**

सुरक्षा के दावों के बीच, एसटीआर के तवा डैम के बैकवाटर से लगे कोर क्षेत्र (सुपलई और खामदा बीट) से हाल ही में 4 कैमरा ट्रैप चोरी हो चुके हैं। ये कैमरे भी बाघ गणना के लिए लगाए गए थे, जिन्हें टीम अब तक नहीं ढूंढ पाई है। यह वही संवेदनशील इलाका है जहां कुछ समय पहले बाघ का शिकार हुआ था और शिकारी उसका पंजा काटकर ले गए थे। इसके बावजूद प्रतिबंधित क्षेत्र में लोगों की अवैध आवाजाही बेखौफ़जारी है।

**प्रबंधन की कमी से रावण का शिकारी आज तक नहीं पकड़ाया**

रावण का शिकारी आज तक नहीं पकड़ाया और न ही प्रबंधन इस ओर कोई ठोस कार्यवाही कर रहा है। बताया जाता है कि, रावण का जब शिकार हुआ था तब उसके पंजे, दांत तथा नाखून भी गायब थे। लेकिन प्रशासन के दावे खोखले साबित हो रहे है। रावण का शिकारी आज भी प्रबंधन की कमी से खुले रूप में घूम रहे हैं।

नवभारत न्यूज
**नर्मदापुरम, 11 दिसम्बर** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था में सेंध मारकर एक युवक हथियार के साथ जंगल में घुस जाना प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी इससे पूर्व सन 2014 में भी कुछ लोग टेंट लगा कर बाईसन का शिकार कर जंगल में पकड़ाएं थे जिन्हे छिंदवाड़ा जिले के जुनारदेव से पकड़ा था लगातार हो रही आपरधिक घटनाओं के लेकर सतपुड़ा प्रबंधन पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। तवा बफ़र रेंज में शिकार के उद्देश्य से बिना लाइसेंसी बंदूक लेकर घूम रहे इस युवक की तस्वीर अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 के लिए लगाए गए कैमरा ट्रैप में कैद हो गई। फुटेज सामने आते ही प्रबंधन में हड़कंप मच गया। टीम ने फुटेज के आधार पर आरोपी कल्याण मवासी (निवासी कुकरपानी, जिला छिंदवाड़ा) की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया और बैतूल न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। एसटीआर के डिवीजन ऑफिस में बाघ और वन्य प्राणियों के फुटेज देखने वाली टीम की नजर बंदूक थामे युवक पर पड़ी। इसके बाद डिप्टी डायरेक्टर ऋषभा नेताम खुद तवा बफ़र के निशान बीट स्थित उस घटनास्थल पर पहुंचीं, जहां के कैमरे में संदिग्ध दिखा था। टीम ने फुटेज के आधार पर युवक की जानकारी जुटाई और उसकी पहचान की पुष्टि की।

**मछली मारने वाला भी कैसे घुसा था** - सतपुड़ा नेशनल पार्क में यदि परमीशन लेकर आपको जाना है उसके लिए सघन चैंकिग एवं संपूर्ण कागजात के तहत प्रवेश मिलता है लेकिन अवैध रूप से घुसने वाले अपराधिओं पर प्रशासन की नजर तक नही पड़ पाती है ऐसा ही एक मछली पकड़ने वाला बीते महीनों में रिजर्व पार्क में मछली मारने के नाम पर रूका था जिसपर भी प्रबंधन की व्यवस्था पर आरोप लगा था।

**डिप्टी डायरेक्टर बोलीं- गश्ती बढ़ा दी है** - डिप्टी डायरेक्टर ऋषभा नेताम ने बताया, ''तवा बफ़र में एक युवक बंदूक के साथ कैमरे में रिकॉर्ड हुआ था। रिकॉर्डिंग के आधार पर युवक की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। उसके पास अवैध बंदूक थी। अवैध गतिविधि के बाद जंगल के अंदर तथा कुछ खास जगहों पर गश्ती बढ़ा दी

# एसपी ने की सड़क दुर्घटनाओं के घटना स्थलों की समीक्षा



नवभारत न्यूज
**नर्मदापुरम, 11 दिसम्बर** जिले मे विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा थोटा द्वारा घटनाओं की समीक्षा की गई और पाया गया कि नर्मदापुरम से सिवनीमालवा तक देहात थाना क्षेत्र, डोलरिया और सिवनी मालवा में काफी संख्या में दुर्घटनाएं घटित हुई है और सिवनी मालवा कस्बे के मुख्य मार्ग पर भी दुर्घटनाओं काफी संख्या में वृद्धि हुई है। उक्त दुर्घटनाओं के कारणों और निदान के प्रयास हेतु आज पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा ने डोलरिया, सिवनी मालवा और शिवपुर थाना क्षेत्र के दुर्घटना बहुल क्षेत्र एवं चिह्नित गंभीर दुर्घटना स्थलो का अवलोकन किया एवं घटना के तथ्यों, परिस्थितियों और सड़क की स्थिति की समीक्षा की और दुर्घटना के कारणों और सड़क सुधार की संभावना भी देखी।

भ्रमण के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष मिश्रा, सूबेदार महेंद्र सिंह चौहान, खुमान पटेल निरीक्षक सुधाकर वारस्कर, विवेक यादव और कुछ घटनाओं के विवेचक गण घटना स्थल पर साथ में उपस्थित रहे। घटना स्थल की स्थितियों को देखते हुए घटनाओं की परिस्थितियों, दुर्घटना समय, घटना के संभावित कारणों पर विचार किया गया तथा रोकथाम के दीर्घकालिक और अल्पकालिक उपायों पर संबंधितों से चर्चा की गई.

# मानवाधिकार दिवस पर जागरुकता संगोष्ठी

नवभारत न्यूज
**माखननगर, 11 दिसम्बर** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व मानव अधिकार दिवस मनाया गया इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ.मनीष शर्मा द्वारा मानव अधिकारों की चर्चा की गई उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर 1946 में विश्व मानव अधिकार आयोग की स्थापना हुई लेकिन 2006 में संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद द्वारा इसे बदल दिया गया जबकि भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना 12 अक्टूबर 1993 को हुई. यह आयोग भारत में मानवाधिकारों के संरक्षक और प्रहरी के रूप में कार्य करता है. कु.शिवानी मालवीय द्वारा संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि विभिन्न श्रेणियों और सिद्धांतों की रूपरेखा के अनुसार नागरिक और राजनीतिक अधिकार ,आर्थिक अधिकार, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार के साथ एक जुटता का अधिकार भी सम्मिलित है. इसके अलावा नागरिक दायित्वों और कर्तव्यों के बारे में भी विस्तार से बताया गया. स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.क्षमा मेहरा द्वारा विद्यार्थियों कहानी के माध्यम अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया. विद्यार्थियों में रासेयो से पवन कुमार प्रजापत ,चांदनी, संजना यादव ,शुभम यादव ने भी विचार व्यक्त किए द्य इस एक दिवसीय संगोष्ठी में प्रमुख रूप से डॉ.आई .एस .कनेश , डॉ.अमिताभ शुक्ला,प्रो.अजय मेहरा ,डॉ.संगीता मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया तथा आभार छात्र स्वस्तिक रावत ने किया.

# युवक को चाकू मारा

**पिपरिया** बिजली फिटिंग का कार्य करने वाली युवक को पेट पर चाकू मारा ।मंगलवारा टी आई गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि बिजली फिटिंग का कार्य कर घर पर जा रहे पीयूष पिता तुलसीराम रघुवंशी उम्र 22 वर्ष निवासी गोल्डन पार्क बनवारी रोड के पास को आते समय गर्ल्स स्कूल के पीछे सांडिया रोड पर हाथ लगने के कारण वाद विवाद हुआ जिस पर राजा बाथरे व अन्य साथी द्वारा मारपीट कर पेट पर चाकू मारा शासकीय अस्पताल में डॉक्टर शिव ठाकुर द्वारा प्राथमिक उपचार का नर्मदापुरम रेफर किया । पुलिस द्वारा अपराध कर विवेचना में लिया।

# अव्यवस्था को लेकर उपार्जन केंद्र को मिलेगा नोटिस

नवभारत न्यूज
**नर्मदापुरम/11,दिसम्बर,2025** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने गुरुवार को माखन नगर एवं सेमरी हरचंद के धान उपार्जन केंद्रों—महावीर वेयरहाउस, श्री रंग वेयरहाउस एवं सीडब्ल्यूसी सेमरी हरचंद—का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महावीर व श्री रंग वेयरहाउस में उपार्जन संबंधी संसाधनों की कमी तथा नॉन-एफएक्यू स्कंद का उपार्जन किए जाने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और दोनों केंद्रों के समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उपार्जन केंद्र परिसर में अधिक मात्रा में धान संग्रहण पाए जाने पर भी कलेक्टर ने अप्रसन्नता जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि अगले 2 दिनों में धान की तुलाई एवं स्टेकिंग पूरी की जाए। कलेक्टर ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में नॉन-एफएक्यू धान का उपार्जन न हो यह सुनिश्चित करें। इसके लिए उपार्जन प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखें और अपने अधीनस्थ अमले तथा नोडल अधिकारी को भी कार्योन्मुख करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए उपार्जन कार्य में सर्वेयर की जवाब देही भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने उपखंड स्तरीय समिति को निर्देश दिए की प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर उपार्जन संबंधी समस्त आवश्यक संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही निरंतर भ्रमण कर उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करें। कलेक्टर ने कहा कि जेएसओ एवं तहसीलदार संयुक्त रूप से केंद्रों पर अनावश्यक रूप से भंडारित किए गए धान के ढेर की जांच करें। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया में आवश्यकता अनुसार मानव संसाधन बढ़ा कर आरटूटी एवं भुगतान व्यवस्था को चौकस करें। उन्होंने स्कंद की तुलाई, हैंडलिंग एवं उपार्जन संबंधी प्रक्रियाओं में गति लाने के निर्देश दिये.

# रोजगार हेतु कॅरियर कार्यशाला आयोजित

**पिपरिया** शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में रोजगार हेतु कॅरियर काउंसिल जॉब ट्रेनिग कार्यशाला और स्वरोजगार हेतु उद्यमिता शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजन अर्चन कर स्वामी विवेकानंदजी को पुष्पांजली अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शहीद भगतसिह पीजी कालेज में विद्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु जागरूक बनाने हेतु उद्यमिता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 विद्यार्थियो ने 30 स्टाल लगाये।

## संक्षिप्त समाचार

**17 दिसंबर को आयोजित होगा रोजगार मेला**

**नर्मदापुरम** युवाओं को स्वरोजगार, रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम के तत्वावधान में बुधवार, 17 दिसंबर 2025 को किया जायेगा। उक्त रोजगार मेला माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर, जिला-नर्मदापुरम में संपन्न होगा। मेले में शासकीय विभागों के साथ-साथ निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां एवं संस्थाएं भी भाग लेंगी, जो युवाओं को रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध कराएंगी। इस दौरान मेले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग सहित विभिन्न विभाग भागीदारी करेंगे। साथ ही निजी क्षेत्र की अनेक कंपनियां युवाओं के साक्षात्कार लेकर उन्हें रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करेंगी। मेले के सफल संचालन हेतु कलेव ?टर एवं जिला दण ?डाधिकारी सुश्री सोनिया मीना द्वारा विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**कालेज चलो अभियान के अंतर्गत एडमिशन लेने प्रेरित किया**

**पिपरिया.** शासकीय कन्या महाविद्यालय में कालेज चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। कन्या महाविद्यालय में उपस्थित छात्राओं द्वारा एनटीएफ सर्वे फार्म आनलाइन भराया गया तथा छात्राओं को उनके आसपडोस एवं मौहल्ले में रहने वाले स्कूल के विद्यार्थियों को अपने महाविद्यालय में एडमिशन लेने के लिये प्रेरित करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में गीता महोत्सव पखवाडे के अंतर्गत छात्राओं को गीता के सत्संग कल्प का वाचन कराया गया तथा गीता पढने के लिये प्रेरित किया। इसी अवसर पर मानव अधिकार दिवस भी मनाया गया जिसमें छात्राओं को भारतीय संविधान में क्या क्या मानव अधिकार है उसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान प्राचार्य सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

**छह श्रमिकों के बकाया राशि का भुगतान कराया**

**नर्मदापुरम** सहायक श्रमायुक्त नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम ने बताया कि रुध्दा फूड्स, कीरतपुर में कार्यरत उत्तर प्रदेश और बिहार के श्रमिकों ने पिछले चार महीनों से वेतन न मिलने की शिकायत स्थानीय श्रम कार्यालय में की थी। प्राप्त शिकायत पर क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू ने त्वरित कार्रवाई की। निरीक्षक साहू ने अनावेदक संस्थान से बकाया वेतन की वसूली कर, संस्थान में कार्यरत 6 श्रमिकों के बकाया ?6,00,000 (छः लाख रुपये) की राशि उनके बैंक खातों में जमा करवाई। श्रमिकों ने श्रम विभाग की इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया।

**सायबर सखी कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न**

**हरदा** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता ब ?ाने हेतु सायबर सखी कार्यक्रम के तहत गुरूवार को निजी कॉलेज हरदा में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम् श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, कॉलेज प्राचार्य व पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया या। कार्यशाला में संस्था से पधारे विशेषज्ञों ने उपस्थित प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न आयामों पर विस्तृत और व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इस दौरान उन्होने सायबर अपराधों के प्रकार एवं पहचान, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं डिजिटल व्यवहार, बालकों व महिलाओं से जुड़े ऑनलाइन जोखिम, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, सायबर हेल्पलाइन नम्बर 1930, शिकायत निवारण, सायबर सुरक्षा में समुदाय की भूमिका व सायबर सखी की जिम्मेदारियों व कार्यप्रणाली के बारे में बताया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजा रंगारे, पीओ अनुराग दुबे, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**एक दिवसीय एनीमिया एवं पोषण आहार प्रशिक्षण किया गया आयोजित**

**नर्मदापुरम** माखननगर ब्लॉक में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय एनीमिया एवं पोषण आहार प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन ब्लॉक के सीएचओ और एएनएम के लिए किया गया, जिसकी देखरेख बीएमओ डॉ. कल्याणी यादव ने की। उक्त प्रशिक्षण शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना से आए प्राध्यापक डॉ. पुष्पेंद्र साहू और डॉ. अम्बरीष मिश्रा द्वारा प्राइम लैंड होटल, नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। उन्होंने बताया कि आयरन की कमी से जूझ रही गर्भवती महिलाओं को अब आयरन सुक्रोज के पाँच डोज़ के बजाय केवल एक डोज़ में एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सिमाल्टोज़) इंजेक्शन दिया जाएगा।

# खो-खो स्पर्धा में भाग लेने टीम रवाना

नवभारत न्यूज
**नर्मदापुरम, 11 दिसम्बर** नर्मदा पुरम इटारसी मध्य प्रदेश को-को संघ द्वारा आयोजित 44वीं जूनियर प्रतियोगिता मैं भाग लेने के लिए नर्मदा पुरम जिले की टीम रवाना हुई अश्वनी मालवीय सचिव जिला खो खो संघ ने बताया कि नर्मदा पुरम जिले के खिलाड़ी जबलपुर में आयोजित 12 तारीख से 14 तारीख तक चलने वाली खो खो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे खो खो संघ नर्मदा पुरम के जिला अध्यक्ष बशारत खान ने आज जिले की घोषणा की जिसमें शांतनु अमित आनंत ओमी,यशवंत, लक्ष्य,तनुज, अरुण, नमन, रुद्र,जीत, आकांक्षा कृष्णा अंश आरोन एवं कोच अनुज एवं मैनेजर नीरज रहेंगे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नर्मदा पुरम जिले का नाम रोशन करने की लिए बधाई दी. खेल की श्रेष्ठता के आधार पर मध्य प्रदेश खो-खो टीम का चयन होगा ,

# महिला सशक्तिकरण समिति की बैठक हुई

**नर्मदापुरम** संसदीय शोध विस्तार भवन में गुरूवार को भारत सरकार की महिला सशक्तिकरण संबंधी समिति की बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने बतौर सदस्य भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष डी. पुरुन्देश्वरी ने की। बैठक में असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा की गई।

# दो दिवस में धान तुलाई कर परिसर खाली किया जाए

नवभारत न्यूज
**नर्मदापुरम/11,दिसम्बर** जिला उपार्जन समिति के सदस्य श्री हिमांशु जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम, श्रीमती रश्मि साहू जिला आपूर्ति नियंत्रक नर्मदापुरम, श्री वासुदेव दवंडे जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन था श्री अमित साहू कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी माखन नगर ने माखन नगर स्थित विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राधे वेअरहाउस शुक्करवाड़ा फार्म, तहसील माखन नगर आंखमउ सेवा सहकारी समिति द्वारा संचालित इस केंद्र पर लगभग 1,000 मे. टन धान खुले में डम्प पाया गया। इसमें से लगभग500 मे. टन स्टैकिंग के लिये शेष तथा शेष500 मे.टन खुले में रखी हुई थी। निरीक्षण के दौरान जब केंद्र प्रबंधक से धान की बिक्री, बुक स्लॉट, खरीदी गई मात्रा, स्टैकिंग हेतु लंबित धान तथा उपलब्ध हम्माल-तुलावटी की संख्या के बारे में जानकारी चाही तो प्रबंधक ने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। निर्देश दिया कि दो दिवस के भीतर डम्प किया गया धान तुलाई कर, स्टैकिंग कर परिसर खाली किया जाए, ताकि आगामी स्लॉट वाले किसानों को ट्रालियों की लाइन में खड़ा न होना पड़े और उनका स्लॉट दिवस में ही पूरा हो सके।

# ईंट भट्टों में नहीं हो रहा खनिज नियम का पालन



नव भारत न्यूज
**हण्डिया 11 दिसम्बर** हंडिया तहसील क्षेत्र में लम्बे अरसे से नर्मदा मैया के किनारों पर खुलेआम ईट भटटो के कारोबारी द्वारा जेसीबी मशीन से मिटटी खुदाई कर हरे भरे वृक्षों की बलि चढ़ाई जा रही है मार्ग के साइड की जगह पर भारी भरकम गडढे जेसीबी मशीन से खोदकर पटक दिये गये हैं जो कभी भी हादसों का कारण बन सकता है! और जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठेहैं! जिससे पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है !वही- बरसात के दिनों में मिटटी कटाव के चलते दर्जनों गाँव में बाढ़ का खतरा बढ़ जायेगा इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया है कि ईट भटटो के संचालक खुलेआम खनिज गौर अधिनियम का पालन नहीं कर रहे हैं !नर्मदा किनारों पर जेसीबी मशीन से हरे-भरे वृक्षों को उखाड़ कर मिटटी का खनन डम्परो से किया जा रहा है. उधर इस संबंध में ग्रामीण जनों कहना है कि अवैध रूप से यदि कोई ईट भटटा मालिक कोई भी खनन कार्य करता है जो नियम के विरूद्ध हो कड़ी कार्रवाई की जायेगी !

# इटारसी इंडियन ऑयल के डिपो की जांच हुई

**नर्मदापुरम/11,दिसम्बर** नर्मदापुरम संभाग के इंडियन आयल कंपनी के पेट्रोल डीजल विक्रेता (डीलरों) की उपस्थिति में इटारसी स्थित इंडियन ऑयल के डिपो के प्रूवर मेजर की जांच कर सत्यापित किया गया। प्रूवर मेजर द्वारा पेट्रोल पंप की टैंक लॉरी का सत्यापित की जाती है जिससे पहले नापतौल विभाग के प्रभारी सहायक नियंत्रक सलिल ल्यूक द्वारा अपने स्टाफ के कर्मचारी आशीष श्रीवास्तव के साथ 20 लीटर कॉनिकल मेजर की जांच विभाग के सत्यापित मेजर द्वारा की गई। जांच के समय सतीश कुमार द्विवेदी डिपो प्रबंधक, पेट्रोलियम संगठन के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल आदि उपस्थित थे.

# पुल पर नहीं है रैलिंग, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना



नवभारत न्यूज
**सिराली।** नगर परिषद सिराली की लापरवाही एक बार फिर गंभीर रूप में सामने आई है। जहां प्रशासन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार अलर्ट मोड पर सावधानी भरे कदम उठाने का दावा करता है, वहीं नगर परिषद की उदासीनता जनसुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। जानकारी के अनुसार दीपगांव रोड पर मुक्तिधाम के समीप बहने वाली घोंघई नदी के पुल के नीचे गणेश और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए हर वर्ष लगभग 20 फीट गहरा गड्ढा बनाया जाता है। परंपरा के अनुसार विसर्जन के बाद इस गहरे गड्ढे को तुरंत भर दिया जाता है ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो, लेकिन इस वर्ष स्थिति चिंताजनक है। गणेश विसर्जन के छह महीने बीत जाने के बाद भी यह गहरा गड्ढा आज तक नहीं भरा गया है। सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि यह विसर्जन गड्ढा ठीक उसी पुल के नीचे खोदा गया है, जिस पुल पर आज तक सुरक्षा रेलिंग तक नहीं लगाई गई है। पुल की दोनों ओर रेलिंग का अभाव पहले से ही दुर्घटना की संभावना बढ़ाए हुए था, लेकिन अब नीचे मौजूद 20 फीट गहरा गड्ढा इस जोखिम को और भी बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई तेज रफ्तार वाहन थोड़ा भी असंतुलित होता है तो वह सीधे इसी गहरे गड्ढे में गिर सकता है, जिससे गंभीर जनहानि की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं—दोपहिया, चारपहिया, स्कूल बसें, ग्रामीण और व्यापारी लगातार आवाजाही करते हैं। इतनी व्यस्त सड़क पर नगर परिषद द्वारा सुरक्षा के प्रति ऐसी अनदेखी समझ से परे है। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामलों में पहले से ही बदनाम रही है.

**यातायात व्यवस्था** | **सुबह 9 से रात 9 बजे तक ट्रेक्टर ट्राली सहित बड़े वाहन पूर्ण रूप से बंद रहेंगे**

# अतिक्रमण हटाने की तैयारी में प्रशासन, नो एंट्री व्यवस्था होगी लागू

नवभारत न्यूज
**सिवनी मालवा 11 दिसम्बर** सिवनी मालवा नगर पालिका सभाकक्ष में रविवार को अतिक्रमण हटाने और शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिक्रमण हटाने की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई तथा अधिकारियों ने आगामी कार्ययोजना की जानकारी साझा की।

एसडीएम विजय राय ने बताया कि शहर में यातायात को सुगम बनाना प्राथमिकता है। नागरिकों की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और यह तभी संभव है जब शहरवासियों का सहयोग प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि सुबह 9 से रात 9 बजे तक नंदरवाड़ा चौक से मुख्य बाजार सहित हरदा बायपास तक ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित बड़े वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से बंद रहेगा, जबकि रात 9 से सुबह 9 बजे तक आवागमन की अनुमति रहेगी। नो-एंट्री व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों पर हाथ ठेले एवं दुकानें लगाने पर रोक रहेगी। इनके लिए पानी की टंकी के पास तथा बानापुरा मंगल भवन के निकट चौपाटी में वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। मुख्य मार्गों पर वाहन खड़ा करने पर प्रतिबंध रहेगा तथा निर्धारित स्थानों पर ही पार्किंग की जाएगी, जहां निर्धारित शुल्क भी लागू रहेगा। खाद, लोहा एवं बड़े व्यवसायियों को निर्देश दिए गए कि वे किसी भी बड़े वाहन को सड़क पर खड़ा न करें और न ही सड़क पर माल खाली करें। एसडीएम ने यह भी कहा कि सवारी ऑटो से माल ढुलाई नहीं की जाएगी और न ही ओवरलोडिंग की अनुमति रहेगी, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके। ऑटो चालकों को सभी कागजात वाहन में रखना अनिवार्य रहेगा। लोहा मंडी क्षेत्र में सड़कों पर किसी भी प्रकार का कार्य नहीं किया जाएगा तथा बिना चक्के की ट्रॉली सड़कों पर नहीं आएगी। उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शहर में दुकानों का अतिक्रमण सख्ती से हटाया जाएगा।

बैठक में एसडीएम विजय राय, नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू जैन, सीएमओ अमर सिंह उइके, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान सहित सभी व्यापारी संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।